STD-10 HINDI ONLINE CLASS NO: 23

UNIT 3: पाठ का नाम : ठाकुर का कुआँ

13-10-2021

निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर लिखें |

1. गंगी ने चौकन्नी दृष्टी से देखा जैसे कोई सिपाही रात को शत्रु के किले में सुराख कर रहा हो। इसका कारण क्या है?

   उत्तर : गंगी ठाकुर के कुएँ से पानी लेने वाली है| इस समय वह पकड ली गई तो उसे माफी या रियायत नहीं मिल जाएगी। यहीं इसका कारण है।

2. शेर का मुँह इससे अधिक भयानक न होगा। यहाँ ठाकुर के दरवाज़े की तुलना शेर के मुँह से क्यों की गई है ?

   उत्तर : गंगी के मन में ठाकुर जैसे लोगों से बहुत भय है। यहाँ गंगी ठाकुर के कुएँ से पानी लेने वाली ही थी। अचानक ठाकुर का दरवाज़ा खुल गया। तब गंगी को लगा कि शेर का मुँह खुला है , क्योंकि यदि शेर के मुँह में आ जाय तो वह बच नहीं सकती।

3) गंगी के चरित्र पर टिप्पणी लिखें।

उत्तर : कथा सम्राट प्रेमचंद की कहानी है - ठाकुर का कुआँ। कहानी का प्रमुख पात्र गंगी है । गंगी के पति जोखू प्यास से तड़प रहे थे। उसे अपने पति से इतना प्रेम है कि रात को अकेले ठाकुर के कुएँ से पानी लेने जाती है। गंगी अनपढ़ है, पर ठाकुर जैसे लोगों के दुर्व्यवहार अच्छी तरह जानती है। गंगी अपने समय की दलित महिलाओं की प्रतिनिधि है। उसमें एक विद्रोही का मन हम देख सकते हैं। वह, यह भी स्थापित करना चाहती है कि हम लोग अपने कर्मों से ही ऊँचे बन जाते हैं, जाति से नहीं।

लघुत्तर प्रश्न

1) उसने रस्सी का फंदा घडे में डाला। कौन ?

उत्तर : गंगी ।

2) गंगी दाएँ बाएँ चौकन्नी दृष्टि से देखने का कारण क्या है?

उत्तर : ठाकुर के द्वारा पकडे जाने के डर से ।

3) किसका दरवाज़ा खुल गया ?

उत्तर : ठाकुर का दरवाज़ा।

4) घर पहुँचकर गंगी ने क्या देखा?

उत्तर : उसने देखा कि जोखू लोटा मुँह से लगाए मैला गंदा पानी पी रहा है।

5) कौन कुएँ की तरफ आ रहे थे?

उत्तर : ठाकुर ।

6) ठाकुर का कुआँ नामक कहानी में चित्रित सामाजिक समस्या कौन सी है?

उत्तर : जाति प्रथा ।

7) प्रेमचंद का जन्म कब हुआ?

उत्तर :31 जुलाई 1880

नवीन शब्दार्थ

रस्सी का फंदा	കയറിന്റെ കുരുക്ക്
दाएँ	വലതുവശത്ത്
बाएँ	ഇടതുവശത്ത്
सुराख	ദ്വാരം

रियारत	ദയവ്, ഇളവ്, concession
रत्तीभर	ज़रा सा, അൽപം
गोता लगाना	മുങ്ങുക
शहजोर	വളരെ ബലമുള്ള
हिलकोरा	लहर, ഓളം
चोकन्नी	ജാഗ്രതയുള്ള, alert
कलेजा	हृदय
आहिस्ता	धीरे धीरे , മെല്ലെമെല്ലെ
छूटना	തെന്നിപ്പോവുക, വിട്ടുപോവുക